NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/71/76/84/21 Date : 7.5.2021

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के चिकित्सालयों में कोरोना ड्यिूटी में लगे डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं सफाई वालो को अतिरिक्त मानदेय दिया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि कोविड–19 के नये वेरियन्ट ने उत्तर प्रदेश में व्यापक तबाही मचाई है एवं हालात यह है कि किसी भी अस्पताल में बेड उपलब्ध नही है। यही हालात नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के चिकित्सालयों में भी है जिनको कोविड अस्पताल बनाया गया है। इनमें से अधिकतर लेवल–2 के अस्पताल है जहाँ अधिकतर गम्भीर मरीज भर्ती है।

इसी कम में रेलवे के डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, सफाई वाले अपनी जान की परवाह न करते हुये 24–24 घंटे ड्यिूटी कर रहे है। हालात यह है कि उनको सोने का भी समय नही मिल पा रहा है। इसके अतिरिक्त उन्हें अपने परिवार से दूर कमबद्ध ढंग से आईसोलेशन में भी रहना पड़ता है। इस कम में न केवल रेलवे के बल्कि अनुबन्धित स्टाफ भी लगातार कार्यरत है।

NCRES का मानना है कि कोरोना से लोगो की जिन्दगियां बचाने की जंग लड़ रहे इन कोरोना योद्धाओं का हौसला बढ़ाने की जरूरत है। यहाँ यह कहना महत्वपूर्ण होगा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपने यहाँ के डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ आदि के लिये वेतन का 25% वेतन अतिरिक्त मानदेय देने की घोषणा की है।

अतः NCRES का अनुरोध है कि कोरोना ड्यिूटी में लगे रेलवे एवं अनुबन्धित डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, सफाई वालो आदि सभी कोरोना योद्धाओं को वेतन का 25% मानदेय देने हेतु उचित आदेश करने का कष्ट करें ताकि इन लोगो के गिरते मनोबल को बढ़ाया जा सके एवं कोरोना की लड़ाई को अपने अंतिम अंजाम तक सफलतापूवर्क पहुँचाया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : (1) प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(2) प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज